से हम लोगों की गिरफ्तारी के बारे में कुछ नहीं बताया गया । हम बहुत से लोग जेल में बंद थे । यह सरकार हमारी रक्षा नहीं कर पा रही है । (**व्यवधान**)

**श्री उपसभापति** : उस वक्त हाउस नहीं चल रहा था । जो बुलेटिन जाता है उसमें छप जाता है ।

**श्री रामेश्वर सिंह** : अगर बुलेटिन में छपा है तो बताइये ।

**श्री उपसभापति** : आप पढ़ते तो हैं नहीं । इसमें छपा है । आप किसी की बात सुनना ही नहीं चाहते । धैर्य रखिये मैं आपको बता देता हूं । (व्यवधान) रामेश्वर सिंह जी जब सदन नहीं बैठता उस समय अगर कोई माननीय सदस्य गिरफ्तार होता है तो उसकी इत्तला सदन में नहीं दी जाती बल्कि पार्लियामेंट राज्य सभा की तरफ से जो बुलेटन छपता है उसमें यह दिया जाता है । यह माननीय सदस्य के घर चला जाता है । जो उन्होंने छुट्टी के दौरान का पता दिया होता है उसी पर वह भेजा जाता है । सितम्बर 16 को वह दिया गया है । 27908 नम्बर पर रामेश्वर सिंह गिफ्तार हुए, ये-ये हुए । अब बताइये क्या किया जाए । आपने सदन का इतना टाइम बर्बाद किया, बताइये आपको क्या दंड दिया जाए । (**व्यवधान**)

---

## RE. DEMAND FOR INTRODUCTION OF LAND ACQUISITION BILL

**श्री सत्यपाल मलिक** (उत्तर प्रदेश) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । बजट सत्र के दौरान हम लोगों को यह जानकारी दी गई थी कि राज्य सभा में लेंड एक्वीजिशन एक्ट इन्टरोड्यूस किया जायेगा इसकी कई साल से मांग चल रही थी । मैं चाहता हूं इसके इन्टरोडक्शन के लिये आप संसदीय मामलों के मंत्री से यह जानकारी लेकर सदन को दिलायें कि क्या वह इस सेशन में इन्टरोड्यूस होगा या नहीं होगा ? हम यह चाहते हैं कि इसी सैशन में इन्टरोड्यूस हो ।

**श्री लाल कृष्ण आडवाणी** (मध्य प्रदेश): यह सवाल मैंने 1980 में उठाया था । तब यह कहा गया था कि हम इसमें अमेंडमेंट जल्दी से जल्दी लायेंगे यह अभी तक नहीं हुआ ।

---

## RE. PRIVILEGE MOTION AGAINST SHRI SWRAJ PAUL

**श्री शिव चन्द्र झा** (बिहार) : मेरा भी प्वांइट आफ आर्डर है । पिछले सत्र में स्वराज पाल के खिलाफ प्रिविलेज मोशन दिया था । अब आप कितना समय और लेंगे इस पर निर्णय देने के लिये, यह मैं जानना चाहता हूं ।

**श्री उपसभापति** : सुबह जब आपने लिख कर दिया था तब आपको बता दिया था कि चेयरमैन साहब बाहर गये हुए हैं । वह जब आ जायेंगे तब पता चलेगा कि कब क्या हो सकता है ।

SHRI LAL K. ADVANI (Madhya Pradesh): Has the notice been served on him because at that time it was pointed out... (*Interruptions*). Has it been served on him?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think it has been served and he has replied also.

---

## REFERENCE TO THE REPORTED SHORTAGE OF COOKING GAS CYLINDERS IN KANPUR AND OTHER CITIES OF THE COUNTRY

**श्री नरेंद्र सिंह** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, आपकी आज्ञा से